दिनांक 17 सितम्बर, 2025

# नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17 सितम्बर, 2025 से दिनांक 02 अक्टूबर, 2025 तक चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ ''स्वच्छ उत्सव'' के रूप में मनाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक विरोधी अभियान, खर–पतवारों की सफाई के लिए भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण आदि विषयों पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

इसी क्रम में विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राणि उद्यान की निदेशक, श्रीमती अदिति शर्मा, क्षेत्रीय वनाधिकारी, श्री दिनेश बडोला के साथ प्राणि उद्यान के कर्मचारी उपस्थित रहे तथा प्राणि उद्यान के कर्मचारियों द्वारा प्राणि उद्यान में आने वाले दर्शकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह,
प्राणि उद्यान लखनऊ